Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

قُلِ اللّٰهُمَّ مٰلِكَ الْمُلْكِ تُؤْتِي الْمُلْكَ مَنْ تَشَآءُ وَتَنْزِعُ الْمُلْكَ مِمَّنْ تَشَآءُ وَتُعِزُّ مَنْ تَشَآءُ وَتُذِلُّ مَنْ تَشَآءُ بِيَدِكَ الْخَيْرُ ۝

(सूरत आले-इम्रान आयत :27)

अनुवाद: तू कह दे हे मेरे अल्लाह! सलतनत के मालिक! जू जिसे चाहे शासन प्रदान करे और जिस से चाहे छीन लेता है। और तू जिसे चाहे सम्मान प्रदान करता है और जिसे चाहे अपमानित कर देता है। भलाई तेरे ही हाथ में है

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 27

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

30 शव्वाल 1440 हिजरी कमरी 4 वफा 1397 हिजरी शमसी 4 जुलाई 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

इस्लाम के आरम्भ में प्रतिरक्षात्मक लड़ाईयों और जिस्मानी जंगों की इसलिए भी ज़रूरत पड़ती थी कि इस्लाम की दावत करने वाले का जवाब उन दिनों में दलीलों तथा तर्कों से नहीं बल्कि तलवार से दिया जाता था। इसलिए विवश हो कर प्रत्युत्तर में तलवार से काम लेना पड़ा लेकिन अब तलवार से जवाब नहीं दिया जाता बल्कि क़लम और दलीलों से इस्लाम पर आलोचनाएं की जाती हैं। यही वजह है कि इस ज़माना में ख़ुदा तआला ने चाहा है कि सैफ (तलवार) का काम क़लम से लिया जाए और लेखनी से मुक़ाबला कर के मुख़ालिफ़ों को पस्त किया जाए।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

इस्लाम को जंग की दो ताकतें दी गई थीं

अब देखो कि यही रिबात का शब्द जो उन घोड़ों पर बोला जाता है जो सरहद पर दुश्मनों से हिफ़ाज़त के लिए बाँधे जाते हैं। ऐसा ही यह शब्द उन नफ़्सों पर भी बोला जाता है जो इस जंग की तैयारी के लिए शिक्षा प्राप्त हों। जो इन्सान के अंदर ही अंदर शैतान से हर वक़त जारी है। यह बिलकुल ठीक बात है कि इस्लाम को दो क़ुव्वतें जंग की दी गई थीं। एक क़ुव्वत वह थी जिसका प्रयोग पहली सदियों में बतौर प्रतिरक्षा अथवा इंतिक़ाम के हुआ। अर्थात अरब के मुशरेकीन ने जब सताया और तकलीफ़ें दीं तो एक हज़ार ने एक लाख कुफ़्फ़ार का मुक़ाबला कर के बहादुरी के गुण दिखाए और हर परीक्षा में इस पवित्र क़ुव्वत का सबूत दिया। वह ज़माना गुज़र गया और रिबात के शब्द में जो फ़िलासफ़ी ज़ाहिरी क़ुव्वत जंग और फ़नून जंग की छुपी हुई थी वह प्रकट हो गई है।

इस ज़माना में भीतरी जंग के नमूने दिखाने अभीष्ट हैं

अब इस ज़माना में जिसमें हम हैं जंग ज़ाहिरी की कुछ भी ज़रूरत और आवश्यकता नहीं। बल्कि इन आख़री दिनों में भीतरी जंग के नमूने दिखाने अभीष्ट थे और रुहानी मुक़ाबला समक्ष था। क्योंकि उस वक़्त भीतरी इर्तिदाद और इलहाद के प्रकटन के लिए बड़े बड़े सामान और मध्यम बनाए गए। इसलिए उनका मुक़ाबला भी इसी किस्म के असलहों से ज़रूरी है। क्योंकि आजकल अमन तथा शान्ति का ज़माना है और हम को हर तरह की सुविधा और अमन हासिल है। आज़ादी से हर आदमी अपने मज़हब का प्रकाशन और तब्लीग़ और आदेशों को पूर्ण कर सकता है। फिर इस्लाम जो अमन का सच्चा समर्थक है, बल्कि वास्तव में अमन और सलामती और प्रेम को फैलाने वाला ही इस्लाम है क्योंकर इस अमन तथा आज़ादी के ज़माना में इस पहले नमूना को दिखाना पसंद कर सकता था ? अत: आजकल वही दूसरा नमूना अर्थात रुहानी मुजाहिदा अभीष्ट है क्योंकि

कि हलवा चू यकबार ख़ुर्द नदो बस

मौजूदा ज़माना में जिहाद

एक और बात भी है कि इस पहले नमूना के दिखाने में एक और बात भी समक्ष थी। अर्थात इस वक़्त बहादुरी का इज़हार भी मक़सूद था जो इस वक़्त की दुनिया में सबसे ज़्यादा प्रशंसनीय और प्यारा गुण समझा जाता था और इस वक़्त तो जंग एक फ़न हो गया है कि दूर बैठे हुए भी एक आदमी तोप और बंदूक़ चला सकता है। उन दिनों में सच्चा बहादुर वह था जो तलवारों के सामने सीना निकालता था। और आजकल का जंग का फ़न तो बुज़दिलों का पर्दापोश है। अब बहादुरी का काम नहीं बल्कि जो आदमी जंग के नए माध्यम और नई तोपें इत्यादि रखता और चला सकता है वे कामयाब हो सकता है। इस जंग का मुद्दा और मक़सद मोमिनों के छुपे हुए बहादुरी के माद्दा का इज़हार था और ख़ुदा तआला ने जैसा चाहा ख़ूब तरह उसे दुनिया पर ज़ाहिर किया। अब उस की ज़रूरत नहीं रही इसलिए कि अब जंग ने फ़न और मकीदत और खदीयत की शक्ल धारण कर ली है और नए नए जंग के हथियार और पेचदार अस्त्र ने इस क़ीमती और गर्व के योग्य गुण को ख़ाक में मिला दिया है। इस्लाम के आरम्भ में प्रतिरक्षात्मक लड़ाईयों और जिस्मानी जंगों की इसलिए भी ज़रूरत पड़ती थी कि इस्लाम की दावत करने वाले का जवाब उन दिनों में दलीलों तथा तर्कों से नहीं बल्कि तलवार से दिया जाता था। इसलिए विवश हो कर प्रत्युत्तर में तलवार से काम लेना पड़ा लेकिन अब तलवार से जवाब नहीं दिया जाता बल्कि क़लम और दलीलों से इस्लाम पर आलोचनाएं की जाती हैं। यही वजह है कि इस ज़माना में ख़ुदा तआला ने चाहा है कि सैफ (तलवार) का काम क़लम से लिया जाए और लेखनी से मुक़ाबला कर के मुख़ालिफ़ों को पस्त किया जाए। इसलिए अब किसी के योग्य नहीं कि क़लम का जवाब तलवार से देने की कोशिश करे।

गर हिफ़्ज़ मुरातिब नकनी ज़िंदीक़ी

इस वक़्त क़लम की ज़रूरत है

इस वक़्त जो ज़रूरत है वह निसन्देह समझ लो। तलवार की नहीं बल्कि क़लम की है। हमारे मुख़ालिफ़ीन ने इस्लाम पर जो शंकाएं की हैं और विभिन्न साईंसों और औज़ारों की दृष्टि से अल्लाह तआला के सच्चे मज़हब पर हमला करना चाहा है। उसने मुझे मुतवज्जा किया है कि मैं क़लम का असलाह पहन कर इस साईंस और इलमी तरक़्क़ी के रणक्षेत्र में उतरूं और इस्लाम की रुहानी बहादुरी और बातिनी क़ुव्वत का करिश्मा भी दिखाओं। मैं कब इस मैदान के योग्य हो सकता था? यह तो सिर्फ अल्लाह तआला का फ़ज़ल है और इस की बेहद इनायत है कि वह चाहता है कि मेरे जैसे विनीत इन्सान के हाथ से इस के धर्म की इज़्ज़त ज़ाहिर हो। मैंने एक वक़्त उन आरोपों और हमलों को गिना था जो इस्लाम पर हमारे मुख़ालिफ़ीन ने किए हैं। उनकी संख्या उस वक़्त मेरे ख़्याल और अंदाज़ा में तीन हज़ार हुई थी और मैं समझता हूँ कि अब तो और भी संख्या बढ़ गई होगी। कोई यह ना समझ ले कि इस्लाम की बुनियाद ऐसी कमज़ोर बातों पर है कि इस पर तीन हज़ार एतराज़ वारिद हो सकता है। नहीं ऐसा हरगिज़ नहीं। ये आरोप तो बुरा चाहने वालों और नादानों की नज़र में आरोप हैं मगर मैं तुम से सच सच कहता हूँ कि मैंने जहां उन आरोपों को गिना वहां यह भी ग़ौर किया है कि इन आरोपों की तह में दरअसल बहुत ही दुर्लभ सच्चाइयां मौजूद हैं जो अन्धेपन के कारण उनको दिखाई नहीं दें और हक़ीक़त में यह ख़ुदा तआला की हिक्मत है कि जहां अन्धा आरोप लगाने वाला आकर अटका है वहीं हक़ायक़ तथा मआरिफ़ का छुपा हुआ ख़ज़ाना रखा है।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 49 से 51 प्रकाशन 2018 कादियान)

☆ ☆ ☆

☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

यह केवल और केवल अल्लाह तआला का फज़्ल है कि उस ने यह मर्कज़ प्रदान किया है।

दुश्मन ने अपने विचार में जिन फज़्लों और नेअमतों को हम से छीनना चाहा था अल्लाह तआला पहले से बढ़ कर और पहले के कई गुणा बढ़ा कर इस मस्जिद और इस मर्कज़ से वह तरिक्कयों के नज़ारे दिखा रहा है।

जमाअत अहमदिया की तरक़्क़ी अल्लाह तआला के फ़ज़्लों से है ना दुनिया की कोई हुकूमत उस की तरक़्क़ी रोक सकती है और ना किसी हुकूमत की मदद की जमाअत अहमदिया अपनी तरक़्क़ी के लिए मुहताज है।

हम जब तक अल्लाह तआला के हुक्मों पर चलते रहेंगे जब तक अल्लाह तआला की रज़ा को हासिल करने की कोशिश करते रहेंगे अल्लाह तआला के फ़ज़्लों के मौरिद बनते हुए इन तरक्कियों का हिस्सा बने रहेंगे।

जो लोग यहां मर्कज़ बनने की वजह से इस नई आबादी के निकट आकर आबाद होने की कोशिश कर रहे हैं या हो रहे हैं उन्हें यह कोशिश करनी चाहिए कि अपनी हालतों को ऐसा बनाएँ कि इस इलाक़े में अहमदियत और इस्लाम की वास्तविक तस्वीर लोगों को नज़र आए।

अल्लाह तआला की शुक्रगुज़ारी तो इस बात का तक़ाज़ा करती है कि हमारी बातें और हमारे काम हमारी तालीम और हमारे अनुकरण एक दूसरे से मुताबिक़त रखते हों।

मस्जिदों का जो मक़सद है उसे पूरा करना होगा तभी अल्लाह तआला के इनाम मिलेंगे।

कर्मों के लिए श्रद्धा शर्त है

एक वास्तविक आबिद जो अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस हो कर इबादत करता है वह ना सिर्फ अपनी रुहानी हालत बेहतर करता है अल्लाह तआला से सम्बन्ध में बढ़ता है बल्कि अपनी जिस्मानी हालत भी ठीक करता है और अल्लाह तआला की नेअमतों का इस्तिमाल भी अल्लाह तआला की प्रसन्नता हासिल करने के लिए करता है।

इस मर्कज़ के बनने पर अल्लाह तआला की शुक्रगुज़ारी का हक़ अदा करने के लिए हमें जहां अपनी इबादतों के स्तरों को बुलंद करने की ज़रूरत है वहां अख़लाक़ी स्तरों को भी बुलंद करने की ज़रूरत है इस रमज़ान को इस लिहाज़ से भी विशेष बना लें कि अपने घरों को भी इस महीने की बरकतों से हम ने संवारना है।

दुनिया के इस हिस्से में अल्लाह तआला ने मर्कज़ की तौफ़ीक़ दी जो तौहीद से ख़ाली है बल्कि शिर्क से भरा हुआ है कि यहां से एक नए इरादे के साथ तौहीद को फैलाने के काम करो और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम के मिशन को पूरा करो और फिर वह दिन भी आए जब बस्तियों की बस्तियां और शहरों के शहर अल्लाह तआला की तौहीद का ऐलान करने वाले हों।

अहमदियत की तरक़्क़ी और दुनिया के इस क्षेत्र में मर्कज़ की तामीर के मक़सद को पूरा करने के लिए दुआ करें और बहुत दुआ करें। .... तमाम मुख़ालिफ़ीन के मन्सूबों को तहस नहस होते हम देखें। रब्वह जाने के रास्ते भी खुलें और कादियान जो मसीह की तख़तगाह है वहां वापसी के रास्ते भी खुलें और मक्का और मदीना जाने के लिए रास्ते भी हमारे लिए खुलें कि वह हमारे आक़ा तथा मुताअ हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बस्तियां हैं और इस्लाम के दाइमी मर्कज़ हैं।

अहमदियत के नए मर्कज़ इस्लामाबाद (टिलफोर्ड) में नए तैय्यार हुई मस्जिद मुबारक के उद्घाटन के अवसर पर यादगारी प्लेट का उठाना और अल्लाह तआला का सज्दा शुक

ख़ुत्बा जुम्अः में अल्लाह तआला के असंख्य फज्लों के नाज़िल होने पर सारे अहमिदयों को अल्लाह तआला का शुक्र अदा करने और अपनी ज़िम्मेदारियों को अदा करने की नसीहत और इसी तरह मस्जिद और नए मर्कज़ का कुछ विवरण।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रेहिल अज़ीज़, दिनांक 17 मई 2019 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक,इस्लामाबाद। (टलफ़ोर्ड, यू.के.)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

हज़रत अमीरल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने ख़ुत्बा जुम्अः से पहले मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद में नियमित उद्घाटन फरमाते हुए प्लेट से पर्दा उठाया और मस्जिद में तशरीफ लाकर फरमाया

अस्सलामु अलैकुम वरहमतुल्लाह बरकातो। अभी बाहर मैंने मस्जिद के उद्घाटन की जो प्लेट लगी हुई थी उस का पर्दा हटा दिया वह तो उद्घाटनहो गया। हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ी अल्लाह तआला अन्हो ने जब रब्वह की मस्जिद मुबारक का उद्घाटन फ़रमाया तो उस वक़्त फ़रमाया था कि उद्घाटन से पहले दो नफ़ल का प्रबन्ध होना चाहिए लेकिन इस वक़्त तो प्रबन्ध नहीं हो सकता था तो उन्होंने फ़रमाया कि हम सजदा शुक्र करेंगे।

(ख़ुत्बाते महमूद जिल्द 32 पृष्ठ 48 ख़ुत्बा जुम्अः 23 मार्च 1951 ई)

प्रायः रिवायत यह है कि मैं जब प्लेट के उद्घाटन का पर्दा हटाता हूँ तो हम दुआ करते हैं। आज उसी तरीक़ पर अनुकरण करते हुए बजाय दुआ के अभी मैं सजदा शुक्र करूँगा आप इस में शामिल हों अल्लाह तआला ने एक छोटा सा मर्कज़ हमें प्रदान फ़रमाया एक मस्जिद प्रदान फ़रमाई और इस के बाद फिर बाक़ायदा ख़ुत्बा शुरू होगा। सजदा शुक्र कर लें। (इस के बाद हुज़ूर अनवर के अनुकरण में सभी हाज़िर लोगों ने सज्दा शुक्र किया)

तशह्हुद,ताव्वुज़ और सूरत फ़ातिहा की तिलावत के बाद हुज़ूर अनवर अदा अल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया:

قُلْ أَمَرَ رَبِّيْ بِالْقِسْطِ وَأَقِيْمُوْا وُجُوْهَكُمْ عِنْدَ كُلِّ مَسْجِدٍ وَّادْعُوْهُ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ كَمَا بَدَاَكُمْ
تَعُوْدُوْنَ۔ فَرِيْقًا هَدٰى وَفَرِيْقًا حَقَّ عَلَيْهِمُ الضَّلٰلَةُ إِنَّهُمُ اتَّخَذُوا الشَّيٰطِيْنَ أَوْلِيَآءَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ

وَيَحْسَبُوْنَ اَنَّهُمْ مُّهْتَدُوْنَ۔ يٰبَنِيْٓ اٰدَمَ خُذُوْا زِيْنَتَكُمْ عِنْدَ كُلِّ مَسْجِدٍ وَّكُلُوْا وَاشْرَبُوْا وَلَا تُسْرِفُوْا اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْمُسْرِفِيْنَ۔

(अल्आराफ 30 से32)

इन आयतों का अनुवाद है कि तो कह दे मेरे रब ने मुझे इन्साफ़ का हुक्म दिया है और यह कि हर मस्जिद के पास अपनी तवज्जा दरुस्त कर लिया करो और अल्लाह की इबादत को ख़ालिस उसी का हक़ क़रार देते हुए उसी को पुकारो जिस तरह उस ने तुम को शुरू किया था। फिर एक दिन तुम उसी हालत की तरफ़ लौटोगे।एक पक्ष को उसने हिदायत दी लेकिन एक और पक्ष है जिस पर गुमराही वाजिब हो गई है अर्थात वह गुमराही का अधिकारी ठहरा है उन्होंने अल्लाह को छोड़कर शैतानों को अपना दोस्त बना लिया है और वे ख़्याल करते हैं कि वह हिदायत पा गए हैं। हे आदम के बेटो!हर मस्जिद के क़रीब ज़ीनत के सामान धारण कर लिया करो और खा और पीओ और इसराफ़ ना करो क्योंकि वह अल्लाह इसराफ़ करने वालों को पसन्द नहीं करता।

अलहमदु लिल्लाह अल्लाह तआला आज हमें इस्लामाबाद में, इस्लामाबाद की इस मस्जिद में जुम्अ पढ़ने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़र्मा रहा है। जैसा कि कुछ जुम्अ पहले मैंने मर्कज़ इस्लामाबाद स्थान्तरित होने के बारे में कहा था कि मस्जिद फ़ज़ल के साथ अब दफ़्तरों इत्यादि के इंतिज़ामात में काफ़ी तंगी महसूस की जाने लगी थी और अब दफ़्तरों के लिए भी ज़्यादा बेहतर और खुली गुंजाइश की ज़रूरत है जो अब अल्लाह तआला के फ़ज़ल से इस्लामाबाद के तामीराती मंसूबे के पूर्ण होने के बाद काफ़ी हद तक उपलब्ध आ गई है। इसी तरह जमाअत के ख़िदमत करने वालों और दफ़्तरों में काम करने वाले कुछ लोगों को गुंजाइश के अनुसार रिहायश भी उपलब्ध हो गई है। इसी तरह ख़लीफ़ा वक़्त की रिहायश भी तामीर हो गई है। ख़लीफ़ा वक़्त की रिहायश के साथ यह भी ज़रूरी है कि मस्जिद भी हो ताकि ख़लीफ़ा वक़्त के अनुकरण में लोगों नमाज़ों की अदायगी आराम से कर सकें और दूसरे जो काम हैं दर्स तथा तदरीस के वह भी ख़लीफ़ा वक़्त सहूलत से कर सके। यद्यपि आज रस्मी तौर पर हम इस जुम्अ: के साथ मस्जिद का उद्घाटन कर रहे हैं लेकिन वास्तव में मेरे यहां मुंतक़िल होते ही नमाज़ों और दूसरे प्रोग्रामों का सिलसिला शुरू हो गया था। बाहर से ख़ुद्दाम इतफ़ाल और लजना के वफ़ूद आते रहे और काफ़ी बड़ी संख्या में इस में शामिल होने वाले लोग आते रहे। इस लिए इस मस्जिद में उनके साथ मजलिसें भी होती रहें और जिनके साथ प्रोग्राम दूसरे छोटे हालों में हुए तो नमाज़ के लिए मस्जिद में आसानी से सहूलत हासिल हो गई वह यहां आ सके। यह मस्जिद मस्जिद फ़ज़ल से लगभग चार गुना ज़्यादा गुंजाइश रखती है लेकिन जो लोगों के वफ़ूद आते रहे इस में यह अंदाज़ा हुआ कि यह मस्जिद भी छोटी पड़ती रही है लेकिन इस के साथ ही क़िबला की तरफ एक मल्टी परपोज़ हाल बनाया गया है इस में गुंजाइश है। इस में अधिक लोग नमाज़ पढ़ते रहे। बहरहाल ये बातें कहने का मक़सद यह है कि अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअत यू के में भी और दुनिया के विभिन्न देशों में भी मस्जिदें बन रही हैं और अल्लाह तआला के फ़ज़ल से पिछले दस पंद्रह साल में मस्जिदों की तामीर में जमाअतों को विशेष ध्यान पैदा हुआ है और मस्जिदों की तामीर हो रही हैं इस ध्यान की वजह से लेकिन इस मस्जिद का जिसका नाम मैंने मस्जिद मुबारक रखा है इस लिहाज़ से इस की एहमीयत है कि ख़लीफ़ा वक़्त की रिहायश भी यहां है। ख़िदमत करने वालों में से लगभग उनत्तीस तीस लोगों की रिहायश भी यहां है अच्छे मुनासिब घरों की सूरत में और सारी ज़रूरी दफ़्तर जिनसे मेरा रोज़ाना प्राय अधिक सम्बन्ध रहता है वह भी यहां हैं। अर्थात यह जगह और यह मस्जिद इस लिहाज़ से मर्कज़ी मस्जिद है और यह एहमीयत रखती है। अल्लाह तआला करे कि यह मस्जिद इस लिहाज़ से मस्जिद मुबारक की प्रतिरूप भी हो और अल्लाह तआला के फ़ज़लों को जज़ब करने वाली और हर लिहाज़ से मुबारक भी हो।

जब इस का नाम रखने का परामर्श हो रहा था तो इस से पहले और नाम ज़ेहन में आते रहे कुछ नामों के मश्वरे भी होते रहे लेकिन फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम का यह इलहाम एक दम मेरे सामने आ गया जिसकी वजह से यह नाम रखा गया। इल्हाम यह था

"مُبَارِكٌ وَّمُبَارَكٌ وَّكُلُّ اَمْرٍ مُّبَارَكٍ يُّجْعَلُ فِيْهِ"

हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम के शब्दों में ही इस का अनुवाद यह है कि अर्थात यह मस्जिद बरकत देने वाली और बरकत पाई हुई है और हर एक मुबारक काम इस में किया जाएगा।

(तज़किरा पृष्ठ 83 प्रकाशन चतुर्थ)

अल्लाह तआला करे कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने जो दुआएं मस्जिद मुबारक कादियान में कीं और जो आपकी इच्छाए और तड़प दुनिया में इस्लाम के फैलने और ग़लबा हासिल करने के लिए थी वह इस मस्जिद को भी पहुँचती रहें और इंग्लिस्तान और यूरोप और दुनिया के सभी देशों में यहां से तौहीद के फैलाने और इस्लाम का पैग़ाम पहुंचाने वाली यह मस्जिद और यह मर्कज़ हमेशा बने रहें। यहां मर्कज़ का आना हर लिहाज़ से मुबारक हो और ख़िलाफ़त अहमदिया की तरफ़ से जारी होने वाले सभी मंसूबे हमेशा अल्लाह तआला के फ़ज़ल और बरकत को जज़ब करते रहें और अल्लाह तआला की नज़र में जिन बरकतों का हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम की मस्जिद से सम्बन्ध था वह उसे भी मिलती रहें। मुझे कल तक यह नहीं पता था और कल ही मेरे सामने यह बात आई कि जब रब्वह की आबादी शुरू हुई है तो उस वक़्त भी हज़रत मुसल्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो ने मस्जिद मुबारक की तामीर के वक़्त यही फ़रमाया था कि यह मस्जिद मस्जिद मुबारक कादियान के क़ायमक़ाम और इस का प्रतिरूप और मसील होगी अर्थात रब्वह में जो मस्जिद मुबारक थी वह उस का मसील होगी।

(उद्धरित ख़ुत्बाते महमूद जिल्द 30 पृष्ठ 316 ख़ुत्बा जम्अ: 30 सितम्बर 1949 ई)

बहरहाल वहां एक लंबा अरसा ख़िलाफ़त रही और अभी भी मर्कज़ी दफ़्तिर वहां हैं लेकिन पिछले 35 साल से वहां से हिज्रत की वजह से यहां भी ज़रूरत थी नए दफ़्तरों की नई चीज़ों की इमारतों की और मस्जिदों की। मुल्क के क़ानून की वजह से ख़िलाफ़त अहमदिया को रब्वह से हिज्रत करनी पड़ी और फिर अल्लाह तआला ने यहां की ज़रूरत को पूरा करने के लिए यहां पहले से बढ़कर तरक्कियों के दरवाज़े भी खोले। अल्लाह तआला इन सामर्थ्यों को और अधिक बढ़ाता चला जाए जो अल्लाह तआला ने हमें प्रदान फ़रमाए हैं और दुश्मन ने अपने विचार में जिन फ़ज़लों और बरकतों को हमसे छीनना चाहा था अल्लाह तआला पहले से बढ़कर और कई गुणा बढ़कर इस मस्जिद और इस मर्कज़ से वह तरक्कियों के नज़्ज़ारे दिखाए।

अपने विचार में जमाअत की ज़िन्दगी और क़िस्मत के मालिक बने होओं की अक़्ल का भी यह हाल है और जहालत की यह हालत है कि किसी ने मुझे दिखाया कि सोशल मीडिया पर पीपलज़ पार्टी के सियास्तदान यह वर्णन कर रहे थे और कमेंट दे रहा था कि हमने जमाअत अहमदिया पर पाबंदियां लगाई थीं और उनको पाकिस्तान में पनपने नहीं दिया था और यह नई हुकूमत आई है तो उन्होंने अहमदियों और क़ादियानियों को इस्लामाबाद में मर्कज़ बनाने की इजाज़त दे दी है। यह उनकी अक़्ल का हाल है। कुछ अर्सा पहले भी उनके एक सियास्तदान ने हमारे बारे में इसी तरह का जाहिलाना बयान दिया था और फिर बाद में कह दिया ओहो ग़लती हो गई मैं ठीक तरह समझा नहीं था। तो बहरहाल यह तो उन दुनियादारों की सोचें हैं। उनको क्या पता कि जमाअत अहमदिया की तरक़्क़ी अल्लाह तआला के फ़ज़लों से है ना दुनिया की कोई हुकूमत उस की तरक़्क़ी रोक सकती है और ना किसी हुकूमत की मदद की जमाअत अहमदिया अपनी तरक़्क़ी के लिए मुहताज है। हम जब तक अल्लाह तआला के हुक्मों पर चलते रहेंगे जब तक अल्लाह तआला की रज़ा को हासिल करने की कोशिश करते रहेंगे अल्लाह तआला के फ़ज़लों के मौरिद बनते हुए इन तरक्कियों का हिस्सा बने रहेंगे। अत: हमें अपनी हालतों की समीक्षा करते रहना चाहिए।

जिन लोगों को अल्लाह तआला ने इस नई बस्ती में रहने की तौफ़ीक़ दी है और जो लोग यहां मर्कज़ बनने की वजह से इस नई आबादी के निकट आकर आबाद होने की कोशिश कर रहे हैं या हो रहे हैं उन्हें यह कोशिश करनी चाहिए कि अपनी हालतों को ऐसा बनाएँ कि इस इलाक़े में अहमदियत और इस्लाम की वास्तविक तस्वीर लोगों को नज़र आए। बेशक इस्लामाबाद में एक लंबा समय हमारे वाक़फ़ीन ज़िंदगी और काम करने वाले रहते रहे हैं और यहां के रहने वाले लोग इस लिहाज़ से अहमदियों से परिचित भी हैं। बेशक जलसों की वजह से भी इस इलाक़े में अहमदियत का परिचय है। 2004 ई तक बड़ा लंबा अरसा यहां जलसे होते रहे लेकिन और फिर अब आलटन में हो रहे हैं वह भी क़रीब ही जगह है लेकिन अब एक नई सूरत यहां की आबादी को मिली है और इस लिहाज़ से यहां के मुक़ामी लोग भी हमें एक और नज़र से देखेंगे कि अचानक जो यहां आकर अहमदियों ने घर लेने शुरू कर दिए हैं यहां की आबादी को इस का एहसास हो गया है और वह इस का ज़िक्र भी करने लग गए हैं कि तुम्हारे जो ख़लीफ़ा हैं या तुम्हारी जमाअत के जो सरबराह हैं उनके यहां आने की वजह से अचानक इस तरफ़ तुम लोगों का रुख हुआ है। अत: इस वजह से अपने नमूने पहले से बढ़कर दिखाने होंगे उन पर अपना अच्छा असर डालना होगा। अगर हमारे शोर की वजह से हमारे ट्रैफ़िक की बेक़ाइदगी की

वजह से या किसी भी और वजह से पड़ोसी disturb होते हैं तो एक ग़लत पैग़ाम हम यहां के रहने वालों को दे रहे होंगे। अगर हम अपने अनुकरण से इस्लाम का सही पैग़ाम नहीं दे रहे तो अल्लाह तआला के नाम पर हमारी शुक्रगुज़ारी सिर्फ़ मुँह की बातें होंगी। अल्लाह तआला की शुक्रगुज़ारी तो इस बात का तक़ाज़ा करती है कि हमारी बातें और हमारे काम हमारी तालीम और हमारे अनुकरण एक दूसरे से मुताबिक़त रखते हूँ ना यह कि हम कहें कुछ और करें कुछ।

अल्लाह तआला ने क़ुरआन करीम में हमें मस्जिदों के हवाले से भी इरशाद फ़रमाए हैं। ये आयतें जो मैंने तिलावत की हैं उनमें भी हमें बहुत अहम बातों की तरफ़ तवज्जा दिलाई गई है इन बातों की तरफ़ अगर हम ध्यान रखें तो जहां हम अल्लाह तआला की इबादत के हक़ अदा करने वाले होंगे वहां उस की मख़लूक़ के हक़ अदा करने वाले भी हों। इन आयतों में अल्लाह तआला मोमिनों को मुसलमानों को स्पष्ट तौर पर फ़रमाता है कि अगर तुम अल्लाह तआला की प्रसन्नता हासिल करने चाहते हो तो अपने ईमान को अपने धर्म को अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस करो। अगर यह नहीं करोगे तो तुम्हारी तरक़्क़ी नहीं बल्कि तुम गुमराही के गढ़े में पड़ोगे। मस्जिदों का जो मक़सद है उसे पूरा करना होगा तभी अल्लाह तआला के इनाम मिलेंगे। अल्लाह तआला के लिए अपनी इबादतों को ख़ालिस करना होगा तभी अल्लाह तआला के इनामों के वारिस होंगे। दुनियावी ख़्यालों और प्राथमिकताओं से अपने ज़हनों को पवित्र करना होगा तभी अल्लाह तआला के फ़ज़ल भी तुम पर नाज़िल होंगे। दिन में जब पाँच बार यह कोशिश होगी तो तभी फिर हम अल्लाह तआला के लिए धर्म को ख़ालिस करने वाले होंगे।

अत: अल्लाह तआला हमें फ़रमाता है कि अपनी रूह की सफ़ाई के भी प्रबन्ध रखो और यह सफ़ाई सिर्फ और सिर्फ अल्लाह तआला के धर्म को ख़ालिस करते हुए हो सकती है और जो लोग अपनी हिदायत के सामान करने की कोशिश नहीं करते जो लोग अल्लाह तआला के धर्म को ख़ालिस नहीं करते वे लोग अल्लाह तआला के लिए धर्म को ख़ालिस नहीं करते वे लोग गुमराही के गढ़े में जा पड़ते हैं ये ऐसे लोग हैं जिन्होंने अल्लाह तआला की पनाह हासिल करने की बजाय शैतान को अपना दोस्त बना लिया है और फिर वे यह ख़्याल करते हैं कि उनके अनुकरण ख़ुदा तआला की प्रसन्नता के अनुसार हैं। अल्लाह तआला की तरफ़ से भेजे हुए का इनकार करने वालों का यही हाल है। आजकल जो बुरे उलमाए जो हम देखते हैं हमारे मुख़ालफ़ीन जो हैं उनका यही हाल है। अपने साथ जन साधारण को यह उल्मा गुमराह कर रहे हैं। इन लोगों की यही सोच है कि हमारे से ज़्यादा अर्थात उन लोगों से ज़्यादा इस्लाम पर अनुकरण करने वाला कोई नहीं। अपने मक़सद हासिल करने के लिए कोई भी तरीक़ा और कोशिश या चेष्टा यह नहीं छोड़ते और हुकूमतें भी फिर उनसे भयभीत रहती हैं आजकल पाकिस्तान में कराची में इस मुख़ालिफ़त का ज़ोर है और इस बात पर ज़ोर है और हुकूमत भी उनकी यही कहती है कि हम अपनी मस्जिदों के मिनारे गिराएँ। लाख उनको कहा कि यह मस्जिदों के मिनारे जो बने हुए हैं पुरानी मस्जिदें हैं पचास साठ साल से बनी हुई मस्जिदें हैं यह लेकिन उनको समझ ही नहीं आती। मौलवी का ख़ौफ़ बहुत अधिक है। जमाअत के लोगों पर पर ज़ुल्म तथा अत्याचार में ये लोग बढ़ते चले जा रहे हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम के ख़िलाफ़ गन्द बकने में हद से बढ़े हुए हैं। ऐसे ही लोगों के बारे में अल्लाह तआला फ़रमाता है कि उन पर गुमराही लाज़िम हो चुकी है जो तथा कथित उल्मा उस के पीछे हैं निस्संदेह उनकी गिनती उन लोगों में होती है जिनके बारे में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया था कि इस आख़िरी ज़माने में मस्जिदें बज़ाहिर आबाद नज़र आऐंगी और जो हमें आजकल वहां देखने में नज़र भी आती हैं ग़ैरों की लेकिन हिदायत से ख़ाली होंगी और इन्ही में से फ़ित्ने उट्ठेंगे और वहीं लौट जाऐंगे और ये लोग इस्लाम को बदनाम करने वाली मख़लूक़ होगी जो बदतरीन मख़लूक़ है।

(शुअबुल ईमान लिल्बहीक़ी जिल्द 3 पृष्ठ 317-318 हदीस 1763 प्रकाशन मक्तबा अर्रुशद नाशेरून बैरूत 2003 ई)

अत: ऐसे में हमारी और भी ज़्यादा ज़िम्मेदारी बन जाती है कि अपनी इबादतों को भी ख़ालिस करें और दुनिया को इस्लाम की वास्तविक तालीम से भी आशना करें। हमारे लिए तो हमारी कोशिश से ज़्यादा इस्लाम की वास्तविक तालीम को फैलाने के लिए अल्लाह तआला रास्ते खोलता है और यह मर्कज़ भी उन्ही में से एक है। अत: हमें अपनी ज़िम्मेदारियों को समझना चाहिए हमारी ज़ाती कोशिश होती या जमाअती कोशिश होती तो यह कभी तामीर ना हो सकता। यह सिर्फ़ केवल और केवल अल्लाह तआला का फ़ज़ल है कि उसने यह मर्कज़ प्रदान फ़रमाया इन रमज़ान के दिनों में जब रूह की बेहतरी के लिए अल्लाह तआला ने सामान मुहय्या पहुंचाए हैं अपने धर्म को पहले से बढ़कर अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस करने की कोशिश करनी चाहिए। हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम ने अल्लाह तआला के लिए धर्म को ख़ालिस करने के लिए हमारी किस तरह रहनुमाई फ़रमाई है इस बारे में आपने एक अवसर पर फ़रमाया

"क़ुरआन शरीफ़ में लिखा है कि اُدۡعُوۡہُ مُخۡلِصِیۡنَ لَہُ الدِّیۡنَ (अलआराफ 30) इख़लास से ख़ुदा तआला को याद करना चाहिए और इस के एहसानों का बहुत अध्ययन करना चाहिए। ....चाहिए कि इख़लास हो एहसान हो और इस की तरफ़ ऐसा रुजू हो कि बस वही एक रब और वास्तविक कार बनाने वाला है। फ़रमाया कि

"इबादत के उसूल का ख़ुलासा असल में यही है कि अपने आपको इस तरह से खड़ा करे कि मानो ख़ुदा को देख रहा है और या यह कि ख़ुदा उसे देख रहा है हर किस्म की गन्दगी और हर तरह के शिर्क से पाक हो जाए और इसी की अज़मत और इसी की रबूबियत का ख़्याल रखे। फ़रमाया कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहिवसल्लम की दुआएं और दूसरी दुआएं ख़ुदा से बहुत मांगे और बहुत तौबा इस्तिग़फ़ार करे और बार-बार अपनी कमज़ोरी का इज़हार करे ताकि नफ्स का हो जाए और ख़ुदा से सच्चा सम्बन्ध हो जाए और इसी की मुहब्बत में लीन हो जाए।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 9 पृष्ठ 451)

अत: अल्लाह तआला के लिए जब धर्म ख़ालिस होगा, इबादत ख़ालिस होगी तो तज़किया नफ़्स भी होगा। अपने नफ़्स को पाक करने का अवसर भी मिलेगा। अल्लाह तआला की इबादतों का भी हक़ अदा होगा और बंदों के हुक़ूक़ अदा करने के लिए भी अल्लाह तआला के आदेशों पर अनुकरण करने की कोशिश होगी। किसी ने सोशल मीडीया पर एक वीडीयो दिखाई कि इफ़तार के वक़्त बड़े प्रबन्ध से मुसलमान एक जगह इफ़तार के लिए जमा हुए और किसी बात पर शायद खाने पर ही पहले गालम ग्लोच शुरू हुई और इस से बढ़कर फिर हाथा पाई और लड़ाई शुरू हो गई। एक दूसरे को मुक्के मार रहे हैं लड़ाई कर रहे हैं नोच घसोट कर रहे हैं खाना इधर उधर बिखरा पड़ा है। ख़ुद कोई उधर लुढ़क रहा है कोई इधर लुढ़क रहा है ना बड़ी उम्र वाले की इज़्ज़त है ना छोटे का लिहाज़ है। आपस में एक दूसरे से लड़ रहे हैं और यह इस दौरान हो रहा है जो रोज़े की हालत है और बाक़ायदा जिस तरह उनका रिवाज है कि लंबे क़मीज़ें पहन के नमाज़ों के लिए भी आते हैं और जुब्बे पहन के आए हुए हैं और लड़ाईयां हो रही हैं। अल्लाह तआला ने तो इस हालत में यह कहा है कि तुम रोज़े की हालत में कोई ग़लत बात नहीं करनी लड़ाई करने वाले को भी जवाब नहीं देना और यह कह देना कि मैं रोज़ेदार हूँ और अल्लाह तआला ने यह फ़रमाया कि रोज़े का मैं बदला हूँ तो क्या इस किस्म के रोज़ेदारों का अल्लाह तआला बदला बनेगा क्या ये लोग हैं जो अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने वाले बन रहे हैं? क्या ये तज़किया नफ़्स है जो रोज़ों से उनको हो रहा है। इन बातों से और भी स्पष्ट हो जाता है कि आने वाले इमाम को मानने की क्या एहमीयत थी और कितना ज़रूरी था कि मुसलमानों की इस्लाह के लिए इमाम वक़्त आता और जब वह आया तो इस को नहीं स्वीकार कर रहे लेकिन यह बातें हमें और इस तरफ़ ध्यान दिलात हैं कि हम अपनी समीक्षा करें अपनी इस्लाह करें छोटी छोटी बातों पर हमारे अन्दर भी अगर कोई रंजिशें और बेचैनियां हैं तो उनको दूर करें और रोज़ों का हक़ अदा करने वाले हूँ।

अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस होते हुए उस की इबादत करने वाले हों और फिर उस के आदेशों पर अनुकरण करने वाले हों। इसी तरह एक और अवसर पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि

इस वक़्त इस्लाम जिस चीज़ का नाम है इस में फ़र्क़ आ गया है । सारे अख़लाक़ ज़मीमा भर गए हैं अर्थात जो ग़लत किस्म की बातें हैं फ़ुज़ूल बातें हैं बुरे आचरण हैं बुराईयां हैं वे तो बहुत भर गए हैं और वह इख़लास..... आप फ़रमाते हैं और वह इख़लास जिसका ज़िक्र मख़लसीन लहुद्दीन में हुआ है आसमान पर उठ गया है। अर्थात उस का कोई वजूद ही नहीं नज़र आता। ख़ुदा के साथ सिदक़ वफ़ादारी इख़लास मुहब्बत और ख़ुदा पर भरोसा समाप्त हो गए हैं। अब ख़ुदा तआला ने इरादा किया है आप फ़रमाते हैं कि अब ख़ुदा तआला ने इरादा किया है कि फिर नए सिरे से उन कुव्वतों को ज़िन्दा करे।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 6 पृष्ठ 352-353)

फिर आपने फ़रमाया कि अब यह ज़माना है कि इस में दिखावा गर्व अहंकार इत्यादि बुरे आचरण तरक़्क़ी कर गए हैं ये सब बुराईयां जो हैं इस में तो बड़ी तरक़्क़ी हो रही है और मुख़लसीन लहुद्दीन इत्यादि अच्छे गुण जो थे वे आसमान पर उठ

गए। फ़रमाते हैं कि अल्लाह तआला पर भरोसा इत्यादि सब बातें समाप्त हो गई हैं। अर्थात अल्लाह तआला पर तवक्कुल भी नहीं रहा अल्लाह तआला के सपुर्द अपने मामले एक मोमिन जो करता है इस का भी कोई सूरत नज़र नहीं शक्ल नज़र नहीं आती किसी मोमिन से बज़ाहिर जो so called मोमिन हैं तथा कथित मोमिन हैं। छोटी छोटी बातों पर लड़ाईयां हो रही हैं। बिलकुल ही अख़लाक़ ख़त्म हो चुके हैं। आप फ़रमाते हैं कि अब ख़ुदा का इरादा है कि उनका बाज रोपण हो।

(अल्बद्र जिल्द 3 नम्बर 10 दिनांक 8 मार्च 1904 ई पृष्ठ 3)

पहले फ़रमाया कि ख़ुदा का इरादा है कि इन कुव्वतों को ज़िन्दा करे इस में फ़रमाया ख़ुदा का इरादा है कि उनका बीज रोपण हो और यह बीज रोपण हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम के माध्यम से हुआ है और ख़ुदा का इरादा इन अख़लाक़ को ज़िंदा करने का और इबादतों को ख़ालिस करने का अल्लाह के हुक़ूक़ और बन्दों के हुक़ूक़ अदा करने का अल्लाह तआला ने अब हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम के माध्यम से जारी करने का इरादा किया और जारी फ़रमाया और आगे इस बीज रोपण से पैदा हुए हुए पौधों और दरख़्तों की शाख़ें हम ने बनना है और हम यह उस वक़्त कर सकते हैं जब अपनी इबादतों को अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस करें। दूसरों की कमज़ोरियाँ देखकर अपनी इस्लाह की कोशिश करें और अल्लाह तआला की रज़ा पर बाक़ी तर्जीहात पर हावी हो जाएं। एक अवसर पर आपने फ़रमाया कि कर्मों के लिए इख़लास शर्त है।

(मल्फ़ूज़ात भाग 8 पृष्ठ 354)

अत: सिर्फ़ ज़ाहिरी अनुकरण हो और इस में इख़लास ना हो अल्लाह तआला की रज़ा की तड़प ना हो वह कर्म बेकार है। नमाज़ें बेकार हैं। अत: यह भी हमें एक सचेत किया जा रहा है कि अपनी इबादतों को जब तक ख़ालिस नहीं करेंगेइन इबादतों का कोई फ़ायदा नहीं।

फिर एक अवसर पर आपने फ़रमाया

वाज़िह हो कि क़ुरआन शरीफ़ की दृष्टि से इन्सान की कुदरती हालतों को इस की अख़लाक़ी और रुहानी हालतों से निहायत ही शदीद सम्बन्धात हैं यहां तक कि इन्सान के खाने पीने के तरीक़े भी इन्सान की अख़लाक़ी और रुहानी हालतों पर-असर करते हैं जैसा कि मैंने कहा बताया था इफ़तार की यह घटना जो दी जा रही थी और लोग इफ़तारी के लिए इकट्ठे हुए थे उनकी मिसाल दी थी उनकी ज़ाहिरी हालत ही उनकी रुहानी हालत की तस्वीर खींचती है। अत: यह बातें ज़ाहिर करती हैं कि उनके अंदर रूहानियत अब ख़त्म हो चुकी है और फिर यह बातें हमें तवज्जा दिलाने वाली होनी चाहिऐं। आप फ़रमाते हैं और अगर इन कुदरती हालतों से शरीयत की हिदायत के अनुसार काम लिया जाए जैसा कि नमक के खान में पड़ कर हर चीज़ नमक हो जाती है ऐसा ही यह सारी हालतें अख़लाक़ी ही हो जाती हैं। (फ़रमाया जो अल्लाह तआला के आदेश हैं खाने पीने की बातें हैं बुनियादी अख़लाक़ हैं खानों में balance से खाना है ये चीज़ें अगर अल्लाह तआला के हुक्म को सामने रखते हुए की जाएं शरीयत की हिदायत के अनुसार की जाएं तो उनसे तुम्हारे अख़लाक़ भी अच्छे होंगे और फ़रमाया कि यह सारी हालतें अख़लाक़ी हो जाती हैं और रूहानियत पर बहुत गहरा असर करती हैं। इसीलिए क़ुरआन शरीफ़ ने सारी इबादतों और अंदरूनी पाकीज़गी के उद्देश्य और विनय के लक्ष्यों में शारीरित पिवत्रता और जिस्मानी आदाब और जिस्मानी तादील को भी बहुत ध्यान में रखा है।(ज़ाहिरी पाकीज़गी भी ज़रूरी है आदाब भी ज़रूरी हैं अपने आपको सही रखना भी ज़रूरी है तभी इन्सान मुतवाज़िन हो सकता है।) आप फ़रमाते हैं कि और ग़ौर करने के वक़्त यही फ़िलासफ़ी निहायत सहीह मालूम होती है कि जिस्मानी अंगों का रूह पर बहुत गहरा असर है जैसा कि हम देखते हैं कि हमारे कुदरती कर्म यद्यिप बज़ाहिर जिस्मानी हैं मगर हमारी रुहानी हालतों पर ज़रूर उनका प्रभाव है। जैसे जब हमारी आँखें रोना शुरू कर दें और यद्यिप दिखावे से ही रोएं मगर शीघ्र ही इन आँसूओं का एक शोला उठकर दिल पर जा पड़ता है। शीघ्र दिल भी दुखी हो जाता है। तब दिल भी आँखों की पैरवी कर के दुखी हो जाता है। ऐसा ही जब हम बनावट से हँसना शुरू करें तो दिल में भी एक खुशी पैदा होती है एक प्रसन्नता महसूस होती है। फ़रमाया कि यह भी देखा जाता है कि जिस्मानी सज्दा भी रूह में विनय और विनम्रता की आदत पैदा कर देता है। कई बार जिस्मानी सजदा करो तो इस सज्दे की हालत में भी एक विनय की हालत पैदा हो जाती है। इस के मुक़ाबिल पर हम भी देखते हैं कि जब हम गर्दन को ऊंची कर के और छाती को उभार कर चलें तो यह चलने की रफ़्तार हम में एक प्रकार का अंहकार और गर्व पैदा करती है तो फ़रमाते हैं कि इन नमूनों से पूरी स्पष्टता के साथ खुल जाता है कि बेशक जिस्मानी अंगों का रुहानी हालतों पर प्रभाव है।

(उद्धरित इस्लामी उसूल की फलास्फी रूहानी ख़ज़ायन जिल्द 10 पृष्ठ 319-320)

इन्सान की रुहानी हालत को बेहतर करने के लिए फिर आपने यह भी फ़रमाया कि कि ज़ाहिरी ख़ुराक भी असर डालती है। इस लिए मुतवाज़िन ख़ुराक खानी चाहिए ना ही सिर्फ गोश्त काने वाले हो जाओ ना ही सिर्फ यह फ़ैसला कर लो कि हमने सब्जियों के अतिरिक्त कुछ नहीं खाना। अल्लाह तआला ने जो पाकीज़ा चीज़ें इन्सान के लिए पैदा की हैं उन्हें खाने की इजाज़त है जो हलाल हैं तय्यब हैं इस में बराबरी और सीमा से बढ़ना ना हो। तो यह इन्सान की रुहानी और अख़लाक़ी हालत पर भी असर डालती हैं। मुतवाज़िन ख़ुराक से इन्सान के अख़लाक़ भी बराबर रहते हैं और अल्लाह तआला की इबादत की तरफ़ भी तवज्जा रहती है। आपने फ़रमाया कि इस्लाम की ही ख़ूबसूरती है कि हर मामले में रहनुमाई करती है आपने फ़रमाया कि यह ख़ुदा तआला का उन लोगों पर और सारी दुनिया पर एहसान था कि सेहत की हिफाज़त के नियम निर्धारित फ़रमाए यहां तक कि यह भी फ़र्मा दिया कि

.....

कलवा वाशर बुआ वला तसर्रुफ़वा।

अर्थात बेशक खाओ और पियो मगर खाने में भी बेजा तौर पर कोई ज़ियादत कैफ़ीयत या कमीयत की ना करो

(उद्धिरत अय्यामुस्सुलह रूहानी ख़ज़ायन जिल्द 14 पृष्ठ 332)

क्योंकि इस से भी तवाज़ुन ख़राब होता है और इस का असर फिर रुहानी हालतों पर भी पड़ता है। अत: एक वास्तविक आबिद जो अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस हो कर इबादत करता है वह ना सिर्फ अपनी रुहानी हालत बेहतर करता है अल्लाह तआला से सम्बन्ध में बढ़ता है बल्कि अपनी जिस्मानी हालत भी ठीक करता है और अल्लाह तआला की नेअमतों का इस्तिमाल भी अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए करता है। दुनिया की चीज़ें आराम तथा सुविधा और खाना पीना उस का उद्देश्य नहीं होता बल्कि जितनी ज़िन्दगी है इस में दुनिया की नेअमतों से फ़ायदा उठाते हुए अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने के लिए इस ज़िन्दगी को गुज़ारने की कोशिश करता है और यही उस का उद्देश्य होता है कि अल्लाह तआला की प्रसन्नता हासिल करने की कोशिश करे। इसी तरह अल्लाह तआला की मख़लूक़ के हुक़ूक़ अदा करने की तरफ़ भी ध्यान एक मोमिन रखता है। इस्लाम ही है जो जहां इन्सान को अल्लाह तआला का हक़ अदा करने की तरफ़ ध्यान दिलाता है वहां अल्लाह तआला की मख़लूक़ के हक़ अदा करने की तरफ़ भी ध्यान दिलाता है। अत: जैसा कि मैंने कहा इस मर्कज़ के बनने पर अल्लाह तआला की शुक्रगुज़ारी का हक़ अदा करने के लिए हमें जहां अपनी इबादतों के स्तरों को बुलंद करने की ज़रूरत है वहां अख़लाक़ी स्तरों को भी बुलंद करने की ज़रूरत है और खासतौर पर इन नए हालात में जब ग़ैर लोगों की पड़ोसियों के इलाक़े में रहने वालों की हम पर एक नए दृष्टिकोण से नज़र होगी हमें भी इस्लाम की ख़ूबसूरत तालीम के दृष्टिकोण अपने कथन और कर्म से अपने अनुकरण से दिखाने की पहले से ज़्यादा ज़रूरत

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

होगी। अगर हम इस चीज़ को सामने रखते हुए अपनी ज़िंदगियां गुज़ारेंगे तो यही तब्लीग़ का एक बहुत बड़ा माध्यम बन जाएगी और यही हमें अल्लाह तआला का शुक्रगुज़ार बनाते हुए उस के फ़ज़लों को हासिल करने वाला बनाएगी।

यहां यह बात भी याद रखनी ज़रूरी है कि कुछ लोग अपने पड़ोसियों और बाहर मिलने वालों लोगों के साथ तो बड़े अच्छे होते हैं लेकिन अपने घर में बीवी के साथ या बच्चों के साथ उनके व्यवहार अच्छे नहीं होते। यह उनके व्यक्तिगत कर्म नहीं हैं। इस लिहाज़ से तो व्यक्तिगत हैं कि अल्लाह तआला उनकी ज़्यादतियों की पकड़ उनसे ही करेगा लेकिन यह बातें जमाअत की इकाई और शान्ति पर भी असर डालती हैं। घरों की जो बे-सुकूनी है बच्चों पर असर डालती है और बच्चे भविष्य में जमाअत का बेहतरीन हिस्सा बनने की बजाय जमाअत से दूर और धर्म से दूर जाने वाले बन जाते हैं और इस्लाम को फैलाने के लिए अपने धर्म को अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस करने के लिए यह ज़रूरी है कि अपनी अगली नस्लों को भी सँभाला जाए और अगर ऐसे कर्म होंगे तो अपनी नसलें बिगड़ जाएँगी। अत: उस के लिए भी हमें कोशिश करनी होगी इस लिहाज़ से यह जमाअत की चीज़ है क्योंकि वे बच्चे देखते हैं कि मेरा बाप बज़ाहिर तो बड़ा धार्मिक है और जमाअत में बड़ा अच्छा समझा जाता है लेकिन घर में इस का रवैय्या बिलकुल अलग है और यह रद्द कर्म फिर अगली नस्ल को बर्बाद कर देते हैं। फिर घर के झगड़ों से बीवी के घर वालों और पती के घर वालों में रंजिशें बढ़नी शुरू हो जाती हैं तो समाज का अमन भी बर्बाद होता है। अत: ऐसे घर जो हैं जहां इस किस्म की बातें पैदा हो रही हैं वह अपने घरों के अमन तथा सुकून को भी क़ायम रखने की कोशिश करें बल्कि यह फ़ैसला करें कि हम ने यह करना है। अल्लाह तआला ने हमें जमाअत के साथ जोड़ कर जो फ़ज़ल और एहसान किया है इस के शुक्राने के तौर पर हम अपनी हालतों को अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस करते हुए उस के आदेशों पर चलते हुए ढालने की कोशिश करेंगे। इसी तरह जिन औरतों में थोड़ी थोड़ी बात में ग़ुस्सा का पहलू ग़ालिब आ जाता है उन्हें भी अपने बच्चों की तर्बीयत के लिए अपनी हालतों में तब्दीली की ज़रूरत है इस रमज़ान को इस लिहाज़ से भी मुमताज़ बना लें कि अपने घरों को भी इस महीने की बरकतों से हम ने सँवारना है। रमज़ान में मस्जिदों की तरफ़ ध्यान पैदा हुआ है तो तक़्वा जो मस्जिदों की असल सुन्दरता है इस में हमने बढ़ना है और जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि तक़्वा पर चलते हुए अहंकार और गर्व और रऊनत इत्यादि से बचना है जितने ज़्यादा अल्लाह तआला के फ़ज़ल हम पर हो रहे हैं उतना ज़्यादा हमें इन बातों को सोचना चाहिए कि हम हर मामले में ख़ुदा तआला की रज़ा की राहों को तलाश करने की कोशिश करें। इन नमाज़ियों में से ना बनें जिन से अल्लाह तआला ने नाराज़ हो कर उनकी नमाज़ों को उनकी हलाकत का कारण बनाया है बल्कि उन लोगों में हमारी गन्ती हो जो अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने वाले हैं उस के इनामों के वारिस हैं।

यह मर्कज़ जो अल्लाह तआला ने हमें प्रदान फ़रमाया है असल उद्देश्य तो इस का धग्रम की ज़रूरतों के लिए इस्तिमाल करना है लेकिन दुनियादारी के लिहाज़ से भी यह अल्लाह तआला का बहुत बड़ा फ़ज़ल है जो इस इनाम से उसने हमें नवाज़ा है जैसा कि मैंने पहले भी कहा हम अपनी कोशिश से इस को हासिल नहीं कर सकते थे। मानो इस मर्कज़ के माध्यम से हमें अल्लाह तआला ने धार्मिक और दुनियावी दोनों इनामों से नवाज़ है। अत: हर पहलू को सामने रखते हुए हमें अल्लाह तआला की शुक्रगुज़ारी करनी चाहिए। एक दुनियादार जब इस सारे मंसूबे को देखता है तो वह प्रभावित हुए बिना नहीं रहता और जब उसे पता चलता है कि यह तो सिर्फ अल्लाह तआला के फ़ज़ल से मुम्किन हुआ है वर्ना हम एक छोटी सी जमाअत हैं और जिनके दुनियावी संसाधन बिलकुल सीमित हैं जमाअत के लोगों की क़ुर्बानियों से यह सब कुछ होता है तो वह बहुत हैरान होते हैं और उन लोगों को फिर यह एहसास होता है कि आज भी वह ज़िन्दा ख़ुदा है जो जिनकी मदद करना चाहता है वह करता है जिनको नवाज़ना चाहता है उनको नवाज़ता है। अत: ज़ाहिर में एक दुनियादार जो है इस माध्म से इस के ऊपर भी हमारी तालीम का असर होता है और वह इस लिहाज़ से ज़ेरे तब्लीग़ हो जाता है। ख़ुदा तआला के वजूद को दिखाने के लिए ज़रूरी है कि हमारे कथन तथा कर्म ऐसे हों जो दूसरों को प्रभावित करें। अत: जिस दृष्टिकोण से भी हम लें हमारे सिर अल्लाह तआला के हुज़ूर झुकते चले जाते हैं और झुकने चाहिऐं कि उसने हमें अपने फ़ज़ल से एक बस्ती आबाद करने की तौफ़ीक़ दी यद्यिप यह एक मुहल्ले के बराबर की आबादी है बल्कि इस से भी छोटी है लेकिन जैसा कि मैंने कहा उस की एहमीयत मर्कज़ होने के लिहाज़ से अहम है। दुनिया के इस हिस्से में अल्लाह तआला ने मर्कज़ की तौफ़ीक़ दी जो तौहीद से ख़ाली है बल्कि शिर्क से भरा हुआ है कि यहां से एक नए इरादे के साथ तौहीद को फैलाने के काम करो और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम के मिश्न को पूरा करो और फिर वह दिन भी आए जब बस्तियों की बस्तियां और शहरों के शहर अल्लाह तआला की तौहीद का ऐलान करने वाले हों और आज जो लोग आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़िलाफ़ जो मुँह में आता है कह देते हैं बक देते हैं उस के बजाय आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के झंडे तले आने में वह गर्व महसूस करने वाले हों और आप पर दुरूद भेजने वाले हों। अत: यह हमारी ज़िम्मेदारी है सिर्फ़ इस्लामाबाद में रहने वालों की नहीं इर्द-गिर्द आकर यहां आबाद होने वालों की नहीं है बल्कि इस देश में रहने वाले हर अहमदी और दुनिया के रहने वाले हर अहमदी की है कि वह यह कोशिश करे यह रास्ते तलाश करे कि हमने अल्लाह तआला की तौहीद के झंडे को किस तरह लहराना है और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के झंडे के नीचे दुनिया को किस तरह लाना है। किस तरह हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम के मिश्न को पूरा करना है किस तरह ख़लीफ़ा वक़्त के मन्सूबों की पूर्णता के लिए उस का हाथ बटाना है। दुआओं से कर्म से किस तरह ख़लीफ़ा वक़्त की मदद करनी है। अल्लाह तआला हमें रमज़ान के महीना में इस मस्जिद और मस्जिद के उद्घाटन की तौफ़ीक़ दे रहा है। पहले खलि़फ़ाओं का तो मुझे इल्म नहीं लेकिन मेरे वक़्त में यह पहला अवसर है कि रमज़ान के महीना में मस्जिद का उद्घाटन हो रहा है। अत: इस बरकतों वाले महीने और दुआओं की क़बूलीयत वाले महीने से सही लाभ उठाते हुए हुए अहमदियत की तरक़्क़ी और दुनिया के इस क्षेत्र में मर्कज़ की तामीर के मक़सद को पूरा करने के लिए दुआ करें और बहुत दुआ करें। इस मर्कज़ में भी बढ़ोतरी पैदा होती चली जाए उस के इर्दगिर्द अहमदी आबादी भी फैलती चली जाए। हम लोगों को इस्लाम के आग़ोश में आने का नज़ारा देखें। हम सारे मुख़ालिफ़ीन के मन्सूबों को तहस नहस होते देखें। रब्वह जाने के रास्ते भी खुलें और कादियान जो मसीह की तख़तगाह है वहां वापसी के रास्ते भी खुलें और मक्का और मदीना जाने के लिए रास्ते भी हमारे लिए खुलें कि वह हमारे आक़ा तथा मुताअ हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बस्तियां हैं और इस्लाम के चिरस्थायी मर्कज़ हैं और असल इस्लाम का पैग़ाम उन लोगों को भी पहुंचे क़बूल करने वाले भी हों और वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम की तसदीक़ करने वाले बन जाएं। अल्लाह तआला जहालत की वजह से द्वेष रखने वालों की आँखें भी खोले और जो सिर्फ शरारत के लिए और अपने मक़सद के लिए साधारण मुस्लमानों के दिलों को हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम और आपकी जमाअत के ख़िलाफ़ द्वैष से भर रहे हैं उनकी पकड़ के भी अल्लाह तआला सामान करे और मुसलमान मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम के हाथ पर जमा हो कर उम्मत वाहिदा बन कर इस्लाम की वास्तविक तालीम का अनुकरणीय नमूना बनने वाले हों और जल्द से जल्द ग़ैर मुस्लिम दुनिया भी इस्लाम के झंडे तले आए।

इस मस्जिद और इस सारे तामीराती मन्सूबा के बारे में भी कुछ थोड़ा सा बता दूं। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से यह मस्जिद जो है इस की जो नमाज़ियों की गुंजाइश का क्षेत्र है यह लगभग 314 वर्ग मीटर है अर्थात 500 के लगभग नमाज़ी नमाज़ पढ़ सकते हैं। इसी तरह हाल है जिसमें 1200 के लगभग एक जगह और 110 के क़रीब एक जगह लोग नमाज़ पढ़ सकते हैं फिर हाल के आगे इस की इन्टरेन्स पर एक खुली, छता हुआ एरिया भी है लगभग 300 आदमी नमाज़ पढ़ सकते हैं तो इस लिहाज़ से यहां गुंजाइश जो हो गई लगभग 1200 और 300, अर्थात 1500 कुल दो हज़ार से ऊपर की गुंजाइश हो गई। इसी तरह जो घर मैंने बताया कि घर बन गए हैं, दफ़तर बन गए हैं, ऑफ़िस के ब्लॉक्स तो तीन हैं लेकिन इस में लगभग पाँच दफ़ातर बन गए हैं। उम्मीद है कि ऐम टी ए के लिए भी वहां स्टूडियो इत्यादि के लिए जगह मयस्सर आ जाएगी। वह भी बन जाऐंगे फिर सारी सुविधाएं ग़ुस्ल ख़ानों

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अगर तुम चाहते हो कि तुम्हें दोनों दुनिया की फत्ह हासिल हो और लोगों के दिलों पर फत्ह पाओ तो पवित्रता धारण करो, और अपनी बात सुनो, और दूसरों को अपने उच्च आचरण का नमूना दिखाओ तब अलबत्ता सफल हो जाओगे।"

दुआ का अभिलाषी

धानू शेरपा

सैक्रेट्री जमाअत अहमदिया देवदमतांग (सिक्कम)

इत्यादि की भी मयस्सर हैं फिर यह है कि सोलर अनर्जी के भी हर जगह पैनल लगे हुए हैं उस के अतिरिक्त सारी जो सुविधाएं मौजूदा ज़माने की हैं उपलब्ध करने की कोशिश की गई है।

यह मन्सूबा ऐसा है कि बावजूद बहुत बड़ा होने के इस के लिए कोई अलग से आर्थिक तहरीक नहीं की गई और जहां तक मेरा इल्म है यह पहला मन्सूबा है जो बिना किसी अलग तहरीक के पूर्णता को पहुंचा है और यह मस्जिद का जो डिज़ाइन है कुछ को अच्छा लगता है कुछ को नहीं लेकिन बहरहाल माहरीन के निकट यह है कि इस में डिज़ाइन ऐसा है कि बिजली की भी बचत है और एनर्जी की भी बचत है और इस के अतिरिक्त जो तामीर है वह भी माहिरीन के निकट आम तामीर जो है इस की तुलना में सस्ती है और मस्जिद के अंदर जो केलीग्राफ़ी की गई है यह इतनी ज़्यादा केलीग्राफ़ी पहले हमारी मस्जिदों में नहीं थी लेकिन क्योंकि इस मस्जिद का डिज़ाइन ऐसा था इस लिए मैंने उनको कहा कि करने में कोई हर्ज भी नहीं है अल्लाह तआला की सिफ़तें और नाम जो हैं वहां लिखे जाएं कोई हर्ज नहीं है इस के लिए रिज़वान बेग साहिब जो जलसा के दिनों में क़ुरआन प्रोजेक्ट भी करते हैं उन्होंने बड़ी मदद की उन्होंने लिखा। अल्लाह तआला उन को भी बदला दे और साथ उनके रिव्यू आफ़ रीलीजनज़ के ऐडीटर आमिर सफ़ीर ने भी बड़ी मदद की है फिर दो हमारे मुरब्बी थे एक कैनेडा से इस साल पास हुए अब आए हुए थे बासिल बट वह और मूसा सत्तार और मुसव्विर दीन उन्होंने एक एक शब्द को हर्फ़ को लफ़्ज़ को नहीं हर्फ़ को ले के जोड़ के और स्पेशल गोन्द से फिर लगाया है बड़ी मेहनत का काम था जो किया है इन सब ने अल्लाह तआला सबको बदला दे। इसी तरह आडियो और वीडियो जो है यू.के की टीम जो है और हमारी ऐम टी ए की टीम उन्होंने बड़ी मेहनत से काम किया है अल्लाह तआला उनको भी बदला दे। तामीर का जो मन्सूबा था इस में एक मर्कज़ी कमेटी बनाई गई थी जो समय समय पर समीक्षा लेती रही और स्थायी निगरानी करने वाले भी दो शामिल किए थे जिनमें जो एक तो वक़्फ़ आरज़ी के इदरीस साहिब और एक स्थायी वक़्फ़ नौ लड़के इंजनीयर हैं हमारे वाक़फ़ ज़िन्दगी फ़ातह साहिब हैं उन्होंने स्थायी निगरानी भी रखी है। कुछ कमियां ख़ामियाँ होती हैं लेकिन बहरहाल उमूमी तौर पर निगरानी की गई और अभी तक काम करवा रहे हैं। इस के अतिरिक्त जो कमेटी के मैंबर जो वालनटीइर करते रहे यहां आ के और अपना वक़्त देते रहे और मैंबर भी थे वह चौधरी ज़हीर साहिब हैं उन्होंने बड़ा अच्छा काम किया अल्लाह तआला उनको भी बदला दे। व्यक्तिगत दिलचस्पी ले के अपने तजुर्बे से उन्होंने बहुत सारे काम ठीक करवाए।

